Std. III (Hindi Lit.)

पाठ - 8

पेड़ खड़े हैं

शब्दार्थ

अनोखे - विशेष

अमलतास - एक फूल का नाम

चिरैय्या - पक्षी

कोटर - पेड़ के तने में हुआ खोखला भाग।

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

Q.1. पेड़ कहाँ खड़े हैं ?

उत्तर :- पेड़ घर के बाहर खड़े हैं ।

Q.2. अमलतास अपने फूल किस प्रकार गिरा रहा है?

उत्तर :- जैसे सूरज अपनी सुंदर धूप की किरणों को बहाता है वैसे ही अमलतास अपने पीले फूलों को झरने की तरह गिरा रहा है।

Q.3. गिलहरी सारा दिन क्या करती रहती है?

उत्तर :- गिलहरी सारा दिन खाना ढूँढती है तथा अपने कोटर से अंदर-बाहर, बाहर- अंदर करती रहती है।

Q.4. बारिश होने पर क्या होता है?

उत्तर :- बारिश होने पर सभी प्राणियों, पशु-पक्षियों तथा पेड़- पौधों पर मस्ती छा जाती है।

Q.5. पेड़ कौन-सा खेल खेलता है?

उत्तर :- पेड़ अपने खिलौने बादल और सूरज के साथ धूप-छाँव का खेल खेलता है।

Q.6. गुलमोहर की डाली क्या कर रही है?

उत्तर :- इठलाती हुई गुलमोहर की डाली फूलों से लदकर नाच रही है।

Q.7. 'कोटर' किसे कहते हैं?

उत्तर :- पेड़ के तने में हुए खोखले भाग को 'कोटर' कहते हैं।

Q.8. पेड़ों पर अपना घर कौन बनाता है?

उत्तर :- पेड़ों पर अपना घर गिलहरी तथा पक्षी आदि बनाते हैं।

भाषा संसार-

Q.9. --दिए गए शब्दों के आगे समान अर्थवाले शब्द लिखें-

बादल - घन, मेघ।

सूरज -- सूर्य, रवि।

सुबह -- भोर, प्रातः।

बारिश - वर्षा, बरसात।

Q.10. -- विलोम शब्द लिखें-

धूप × छाँव

दिन × रात

सुबह × शाम

अंदर × बाहर

ऊँचा × नीचा

Q.11. -- दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखें-

जड़ -- जड़ें

डाल - डालें

फूल -- फूलों

किरण --   किरणें

डाली --   डालियाँ

कली - कलियाँ

पत्ती -- पत्तियाँ

गिलहरी - गिलहरियाँ

Q.12. -- निम्नलिखित शब्दों को चुन कर सही शीर्षक के आगे लिखिए-

रंग, आना, घर, इठलाना, पेड़, चमकना,

सूरज,नाचना, बादल, भीगना

संज्ञा :-   रंग, घर, पेड़, सूरज, बादल ।

क्रिया :-   आना, इठलाना,   चमकना,   नाचना,   भीगना ।